**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005

**(दूरभाष नं0:–** 0141–2740837, **फैक्स** 0141–2742309, **ई–मेल:–** jacct.dta@rajasthan.gov.in)


**क्रमांक :** एफ.4(ई)(वि. 3215 / 2013) / अलेसे–II / 202 दिनांक :–30/07/2025

## कार्यालय आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या–5444 दिनांक 15.01.2025 द्वारा श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का स्थानान्तरण जिला परिषद, (ग्रा.वि.प्र.) झुन्झुनूं से पंचायत समिति, उदयपुरवाटी में किया गया था। जिसकी पालना में श्री विक्रम सिंह जाट ने दिनांक 17.01.2025 को प.स. उदयपुरवाटी में कार्यग्रहण कर लिया। विभागीय आदेश संख्या–5442 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा श्री विश्वनाथ खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण पंचायत समिति उदयपुरवाटी से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नीम का थाना में किए जाने के फलस्वरूप कार्यमुक्त आदेश क्रमांक 4522 दिनांक 17.01.2025 के विरूद्ध श्री खटीक, के द्वारा राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या–1244 / 2025 दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया, जिसके फलस्वरूप श्री विश्वनाथ खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I भी यथावत रूप से दिनांक 20.02.2025 से कार्यालय पंचायत समिति उदयपुरवाटी में कार्यरत हैं।

विभागीय कार्यालय आदेश क्रमांक 684 दिनांक 12.05.2025 के द्वारा श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का माह फरवरी 2025 का वेतन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद (ग्रा.वि.प्र.) झुन्झुनूं से आहरण के आदेश जारी किए गए थे। किन्तु जिला परिषद (ग्रा.वि.प्र.) झुन्झुनूं में विभागीय आदेश दिनांक 06.04.2025 द्वारा अन्य कनिष्ठ लेखाकार की नियुक्ति कर दिए जाने के कारण पद रिक्त नहीं है। अतः श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का माह मार्च 2025 से निरन्तर वेतन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नीम का थाना से आहरित करने की स्वीकृति इस विभाग के आदेश क्रमांक 1596 दिनांक 23.06.2025 के द्वारा प्रदान की गई थी, परन्तु खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमकाथाना के पत्र क्रमांक 556 दिनांक 30.06.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि वर्तमान में उक्त कार्यालय आस्तित्व में नहीं है। अतः श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का माह मार्च 2025 से निरन्तर वेतन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा, झुन्झुनू में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद से आहरित करने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

**क्रमांक :** एफ.4(ई)(वि. 3215 / 2013) / अलेसे–II / 202 दिनांक :–30/07/202

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद (ग्रा.वि.प्र.) झुन्झुनूं।
2. विकास अधिकारी, पंचायत समिति, उदयपुरवाटी, झुन्झुनूं।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, झुन्झुनू को प्रेषित कर लेख है कि श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का अन्तिम वेतन भुगतान–पत्र एवं उपस्थिति पत्र प्राप्त कर वेतन आहरण करावें।
4. श्री विक्रम सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, पंचायत समिति, उदयपुरवाटी, झुन्झुनूं।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)

D:\SAS-II\USHA JI\ORDER 15 NEW REPAIRED.DOCX 350